नुकसान | स्मार्ट सिटी को हो रहा नुकसान

कन्वेंशन सेंटर से रौनक गायब



फाइल फोटो

जबलपुर, नवभारत। लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया नेताजी सुभाष चंद्र बोस कन्वेंशन सेंटर के ऑडिटोरियम और मीटिंग हॉल के दिन फिरे हुए है। महीने में गिनी चुनी बुकिंग आने के कारण अब यह आय के बजाय चिंता का विषय बनता जा रहा है। स्मार्ट सिटी के तहत विकसित इस आधुनिक कन्वेंशन सेंटर से जिस स्तर की कमाई और व्यावसायिक गतिविधियों की उम्मीद की गई थी, वह पूरी होती नजर नहीं आ रही है। बता दें कि 200, 300, 500 और 900 सीटर वाले ऑडिटोरियम और हाल का उद्घाटन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा किया गया था। जिसके बाद से ही स्मार्ट सिटी इसे अपने पास रख बुकिंग कर रही थी लेकिन पिछले कई महीनों से यह बुकिंग बंद कर दी गई है। वही इस पर जिम्मेदारों का कहना है कि जल्द ही इस ऑडिटोरियम को एजेंसी को सौंपा जाएगा इसके बाद से एक बार फिर ऑडिटोरियम में रौनक लौट सकेगी। सूत्रों के अनुसार, सेंटर के संचालन, रखरखाव और अन्य खर्चों की तुलना में बुकिंग और आयोजनों से होने वाली आय काफी कम है। बड़े राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों को आकर्षित करने के उद्देश्य से बनाए गए इस परिसर में अपेक्षित संख्या में आयोजन नहीं हो पा रहे हैं, जिससे राजस्व प्रभावित हो रहा है।

फैक्ट फाइल

- लगभग 100 की लागत से बना कन्वेंशन सेंटर
- कन्वेंशन में व्यक्तियों की बैठने की क्षमता
- 200 और 300 सीटर सम्मेलन हॉल
- 500 सीटर ओपन एग्जीबिशन एरिया
- 900 सीटर ऑडिटोरियम

इन हॉल का किराया प्रति छह घंटे के लिए

- 45 हजार
- 55 हजार
- 40 हजार और
- 81 हजार रुपए है

वर्तमान समय में स्मार्ट सिटी संचालित कर रही है

मौजूद है विशाल पार्किंग

बता दे की नेताजी सुभाष चंद्र बोस कन्वेंशन सेंटर में ग्रीन बिल्डिंग का निर्माण 5 स्टार रेटिंग के मानकों के अनुरूप किया गया है। जिसमें ऊर्जा की बचत सुनिश्चित की गई थी वहीं इस सेंटर में विशाल पार्किंग, कैफेटेरिया की सुविधा भी मौजूद है। वही शहर के जानकारों का कहना है कि कन्वेंशन सेंटर जैसी परियोजनाओं की सफलता नियमित कॉर्पोरेट इवेंट, प्रदर्शनियों, व्यापारिक सम्मेलनों और सांस्कृतिक आयोजनों पर निर्भर करती है। लेकिन पर्याप्त मार्केटिंग और लगातार आयोजनों के अभाव में यह क्षमता पूरी तरह उपयोग नहीं हो पा रही है।

नहीं है कोई एंजेसी

बता दें कि स्मार्ट सिटी द्वारा संचालित गोकुलदास धर्मशाला, कल्चरल स्ट्रीट और शक्ति नगर में बने स्पोर्ट्स कंपलेक्स सहित अन्य प्रोजेक्ट भी दुर्दशा का दानिश झेल रहे हैं स्मार्ट सिटी से जुड़ी कई परियोजनाओं के आर्थिक प्रदर्शन को लेकर पहले भी सवाल उठते रहे हैं। स्मार्ट सिटी की विभिन्न परिसंपत्तियों से अपेक्षा से कम राजस्व मिलने की बात सामने आई है।

जारी है मतगणना, भोपाल की खुली मत पेटिया

जबलपुर, नवभारत। मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद निर्वाचन 2026 की मतगणना 16 जून से पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ जारी है इसी क्रम में 22 जून को भोपाल की मतपेटियों की मतगणना शुरू की गई। मतगणना के प्रत्येक चरण के साथ चुनावी प्रतिस्पर्धा और अधिक रोमांचक होती जा रही है। बदलते रुझानों के बीच प्रत्याशियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है, जहाँ हर दौर नए समीकरण और नई संभावनाएँ लेकर सामने आ रहा है। इस अप्रत्याशित उतार-चढ़ाव ने पूरे अधिवक्ता समुदाय की उत्सुकता और जिज्ञासा को चरम पर पहुँचा दिया है बता दे कि भोपाल की कुल 8 मतपेटियों में से 5 मतपेटियों की मतगणना सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुकी है। कल तक भोपाल की शेष 3 मतपेटियों की मतगणना पूर्ण होने के बाद ही प्रत्याशियों को प्राप्त कुल मतों की अधिकारिक घोषणा की जायेगी। अभी तक की मतगणना में भोपाल के स्थानीय प्रत्याशियों ने बढ़त बनाई हुई है।

ट्राला ने अर्टिगा को रौंदा, एक की मौत, 5 घायल

नागा घाटी शारदा मंदिर के पास हुआ दर्दनाक हादसा

रायपुर से सगाई कर लौट रहा परिवार हुआ सड़क हादसे का शिकार

नवभारत, जबलपुर। बरेला थाना अंतर्गत नागा घाटी शारदा मंदिर के पास सोमवार रात नागा घाटी शारदा मंदिर के पास मंगलायतन कॉलेज के सामने मुख्य मार्ग पर सोमवार को एक अर्टिगा कार को तेज रफ्तार ट्राला ने रौंद दिया। हादसा इतना भीषण था कि ट्राला कार को घसीटते हुए ले गया। इस दर्दनाक हादसे में कार सवार एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। कार में पीछे बैठा एक अन्य सवार सुरक्षित है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि कार सवार परिवार रायपुर में एक सगाई कार्यक्रम से वापिस लौट रहा था।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि अर्टिगा गाड़ी में कुल 7 लोग सवार थे। कार सवार परिवार छत्तीसगढ़ के रायपुर से एक सगाई समारोह में शामिल होकर वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनकी कार बरेला थाना क्षेत्र के नागा घाटी के पास पहुंची तभी सामने से आ रहे ट्राला ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस के अनुसार, इस सड़क हादसे में जान गंवाने वाले व्यक्ति की पहचान राजेश शर्मा के रूप में हुई है, जो सीधी जिले के कमर्जी गांव के रहने वाले थे।

पिचकी कार, उड़े परखच्चे

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अर्टिगा कार और ट्राला दोनों वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। वाहनों के परखच्चे उड़ गए। कार बुरी तरह पिचक गई। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही बरेला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गई थी।

जेसीबी से अलग करने पड़े वाहन, लगा लंबा जाम

दोनों गाड़ियां आपस में इस कदर फंस चुकी थीं कि उन्हें अलग करने के लिए जेसीबी की मदद लेनी पड़ी। जेसीबी के जरिए वाहनों को सड़क से हटाकर घायलों को तुरंत इलाज के लिए अस्पताल रवाना किया गया। हादसे के कारण जबलपुर-मंडला मुख्य मार्ग पर लंबा जाम लग गया था, जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद खुलवाया।

एक यात्री को खरोंच भी नहीं आई

कार की पिछली सीट पर बैठे एक यात्री को खरोंच तक नहीं आई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

ब्लैक स्पॉट बनी नागा घाटी, लापरवाही पड़ रही भारी

शारदा मंदिर नागा घाटी और मंगलायतन कॉलेज के सामने का यह मुख्य मार्ग लंबे समय से डेंजर जोन और ब्लैक स्पॉट बना हुआ है। इस मोड़ पर आए दिन भीषण हादसे होते रहते हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग और प्रशासन द्वारा यहां सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। अनदेखी और लापरवाही का खामियाजा आज एक बार फिर एक हंसते-खेलते परिवार को भुगतना पड़ा।

13 जून को जिंदा जल गए थे दो

13 जून को बरेला थाना अंतर्गत प्रसिद्ध शारदा मंदिर के पास नागा घाटी पर रेत से लदे एक तेज रफ्तार हाईवा और स्कार्पियो में आमने-सामने की भीषण भिड़ंत हो गई थी। टक्कर इतनी भयानक थी कि दुर्घटना के कुछ ही सेकेंड के भीतर स्कार्पियो में भयंकर आग लग गई थी वह आग का गोला बन गई थी। इस दिल दहला, रोंगटे खड़े कर देने वाले सड़क हादसे में स्कार्पियो सवार दो लोग जिंद जल गए थे।

मछली पकड़ने गए युवक की हिरण नदी में डूबने से मौत

नवभारत, जबलपुर। कटंगी थाना अंतर्गत कैमोरी हिरण नदी में डूबने से युवक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, सकरा निवासी बबलू बर्मन (30) ने का बड़ा भाई पुरुषोत्तम बर्मन (35) सोमवार दोपहर घर से यह कहकर निकला था कि वह मछली पकड़ने जा रहा है। जब वह काफी देर तक वापस नहीं लौटा, तो परिजन चिंतित हो गए और उसकी तलाश में निकले। दोपहर करीब 1 बजे जब छोटा भाई बबलू ढूंढते हुए ग्राम कैमोरी के पास हिरण नदी घाट पहुंचा, तो उसके होश उड़ गए। पुरुषोत्तम का शव नदी के पानी में उतराता हुआ दिखाई दे रहा था। भाई ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला। परिजनों ने पुलिस को बताया कि मृतक पुरुषोत्तम बर्मन को अक्सर मिर्गी के दौरे आते थे। आशंका जताई जा रही है कि नदी किनारे मछली पकड़ने के दौरान अचानक मिर्गी का दौरा आने या पैर फिसलने के कारण वह गहरे पानी में चला गया और डूबने से उसकी सांसें थम गईं घटना की सूचना पर तत्काल कटंगी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस ने मर्ग दर्ज क हादसे के सही कारणों की विस्तृत जांच कर रही है।

नाबालिग बताकर पत्नी को मायके पक्ष वाले बनाकर रखे है बंधक

हाईकोर्ट ने दिये महिला को पेश करने के आदेश

जबलपुर। पत्नी को नाबालिग बताकर उसके पिता द्वारा बंधक बनाकर रखे जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की गयी थी। याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस विवेक रूसिया तथा जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने महिला को पेश करने के आदेश जारी किये है।

सतना निवासी विष्णु दत्त शर्मा की तरफ से दायर की गयी बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका में कहा गया था कि उसे अनावेदक शिवचरण शर्मा की बेटी से प्रेमी विवाह किया था। अनावेदक ने खुद की बेटी को नाबालिग बताते हुए उसके खिलाफ पुलिस में प्रकरण दर्ज करवा दिया था। याचिका में आरोप लगाते हुए कहा गया है कि आवेदक ने अपनी बेटी को बंधक बनाकर रखे हुए है। जिसके कारण उक्त याचिका दायर की गयी है।

याचिका में कहा गया कि आवेदक की बेटी बालिग है। इस संबंध में दस्तावेज के तौर पर जिस अस्पताल में उसका जन्म था, उसमें अंकित जन्म तिथि की जानकारी पेश की गयी थी। याचिकाकर्ता का आरोप है कि अनावेदक ने स्कूल का दाखिल खारिज में अपनी बेटी की उम्र दो साल कम दर्ज करवाई थी। इसी आधार उनके द्वारा बेटी के नाबालिग नाबालिग होने का दावा कर रहे है। इसी आधार पर उन्होने उसके खिलाफ पुलिस में प्रकरण भी दर्ज करवाया है। आवेदक तथा अनावेदिका की बेटी ने मंदिर में शादी कर ली है और पति-पत्नी है। युगल पीठ ने सुनवाई के बाद उक्त आदेश जारी करते हुए अनावेदक पिता को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता उदयनंद पांडे ने पैरवी की।

सेवा समाप्ति आदेश निरस्त, ओबीसी मेरिट के आधार पर पुनर्विचार के निर्देश

हाईकोर्ट ने दिव्यांग कोटे से बाहर हुए शिक्षक को दी राहत

जबलपुर। मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने प्राथमिक शिक्षक भर्ती के एक महत्वपूर्ण मामले में दिव्यांग श्रेणी में चयनित अभ्यर्थी की सेवा समाप्ति का आदेश निरस्त कर जिला शिक्षा अधिकारी दमोह को प्रकरण पर पुनर्विचार करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि यदि अभ्यर्थी बिना दिव्यांग आरक्षण के भी ओबीसी मेरिट के आधार पर चयन योग्य था, तो उसकी सेवा समाप्ति उचित नहीं मानी जा सकती। मामला दमोह निवासी राहुल पटेल से जुड़ा हैए जिनकी नियुक्ति 30 मार्च 2023 को प्राथमिक शिक्षक के रूप में ओबीसी.दिव्यांग श्रेणी में हुई थी। नियुक्ति के बाद दिव्यांगता की पुनः जांच में उन्हें 40 प्रतिशत से कम दिव्यांग पाया गया। इसके आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी ने 24 जून 2024 को उनकी सेवाएं समाप्त कर दी थीं। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर व अधिवक्ता हितेंद्र कुमार गोह्लानी ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि राहुल पटेल की ओबीसी मेरिट रैंक 2417 तथा प्राप्तांक 108.68 हैं। विभाग ने उनसे कम अंक प्राप्त अनेक अभ्यर्थियों को ओबीसी वर्ग में नियुक्त किया है। ऐसे में उन्हें ओबीसी ओपन श्रेणी में समायोजित किया जाना चाहिए था। सुनवाई में सर्वोच्च न्यायालय के सौरभ यादव बनाम उत्तर प्रदेश राज्यए इंद्रा साहनी बनाम भारत संघ तथा आरके सभरवाल बनाम पंजाब राज्य मामलों का हवाला देते हुए बताया गया कि वर्टिकल और हारिजान्टल आरक्षण के सिद्धांतों के अनुसार यदि अभ्यर्थी सामान्य अथवा अपनी सामाजिक श्रेणी की मेरिट से चयनित हो सकता है तो उसे विशेष आरक्षण कोटे की सीट पर नहीं गिना जा सकता।

टिकट चैकिंग से 29 करोड़ 17 लाख का राजस्व प्राप्त

जबलपुर, नवभारत। पश्चिम मध्य रेल में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशानुसार तीनों मंडलों में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य अधिकारियों के नेतृत्व में यात्री गाड़ियों एवं स्टेशनों पर समय-समय पर टिकट जांच अभियान चलाए गए। इन अभियानों के परिणाम स्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के दो माह में अनबुक्ड लगेज, बिना टिकट यात्रा तथा अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले कुल 3 लाख 83 हजार मामलें पकड़े गए जिनसे अतिरिक्त किराया एवं जुर्माना सहित कुल 29 करोड़ 17 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया गया। यह राशि पिछले वर्ष इसी अवधि में वसूले गए 24 करोड़ 79 लाख रुपये के जुर्माने की तुलना में 17.68 प्रतिशत अधिक है। मुख्यालय सीसीएम स्क्वाड मुख्यालय के टिकट निरीक्षकों द्वारा चलाए गए टिकिट जाँच अभियान में बिना टिकिट अनबुक्ड लगेज अनियमित टिकिट लेकर यात्रा करने वालों के 6 हजार मामलों से 40 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया। वही जबलपुर मंडल द्वारा टिकट निरीक्षकों द्वारा चलाए गए जांच अभियान में 1 लाख 69 हजार मामलों से 14 करोड़ 7 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया।

जनहित के कार्यों में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : निगमायुक्त

नवभारत, जबलपुर। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने विभागीय प्रमुखों की समीक्षा बैठक लेकर संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित के कार्यों में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। निगमायुक्त ने सभी विभागीय प्रमुखों को निर्माण एवं विकास कार्यों को सुव्यवस्थित ढंग से निर्धारित समयावधि के भीतर पूर्ण कराने के कड़े निर्देश दिए।

निगमायुक्त अहिरवार ने लोककर्म विभाग के तहत अधोसंरचना विकास, सड़क सुदृढ़ीकरण एवं निर्माण कार्यों की प्रगति देख गुणवत्ता के साथ इन्हें शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने

निर्बाध पेयजल आपूर्ति, अमृत मिशन व अन्य योजनाओं के कार्यों को गति देने को कहा। स्वास्थ्य अधिकारियों को सफाई सुदृढ़ करने, कचरा संग्रहण और बीमारियों की रोकथाम हेतु फॉगिंग व एंटी-लार्वा छिड़काव जारी रखने के निर्देश दिए गए। स्ट्रीट वेंडर्स को समय पर ऋण स्वीकृति व वितरण सुनिश्चित करने को कहा ताकि शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त हो। साथ ही निगमायुक्त ने अधिकारियों को धरातलीय निरीक्षण करने, टीम भावना से कार्य करने और नागरिकों को न्यूनतम असुविधा होने का ध्यान रखने के निर्देश दिए। बैठक में अपर आयुक्त, अधीक्षण यंत्री, कार्यपालन यंत्री, स्वास्थ्य अधिकारी सहित सभी संबंधित विभागों के प्रमुख और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

रास्ता पूछने के बहाने महिला के कान से सोने की झुमकी झपटी

नवभारत, जबलपुर। पनागर थाना अंतर्गत उमरिया चौबे के पास बाइक सवार एक महिला से रास्ता पूछने के बहाने स्कूटी सवार दो अज्ञात बदमाशों ने सोने की झुमकी लूट ली। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बेलबाग के बढ़ई मोहल्ला निवासी 40 वर्षीय रेखा बेन अपने दामाद गणेश बेन और बहन दुर्गा बेन के साथ मोटरसाइकिल से कटाव जा रही थीं। जैसे ही उनकी मोटरसाइकिल उमरिया चौबे गांव के आगे गोदाम के पास पहुंची, तभी पीछे से एक बिना नंबर की स्कूटी पर सवार दो अज्ञात युवक वहां आए। बदमाशों ने मोटरसाइकिल के पास स्कूटी रोकी और रास्ता पूछने लगे। रेखा बेन कुछ समझ पातीं, इससे पहले ही स्कूटी पर पीछे बैठे युवक ने झपट्टा मारा और उनके बाएं कान की सोने की झुमकी छीन ली। छीनी गई झुमकी की कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने पीड़िता रेखा बेन की रिपोर्ट पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और हुलिये के आधार पर लुटेरों की तलाश कर रही है।

फायर आर्म्स समेत दो पकड़ाए

नवभारत, जबलपुर। शहपुरा पुलिस ने दो युवकों को फायर आर्म्स समेत दबोचा है। जिनके कब्जे से एक कट्टा, एक कारतूस जब्त किया गया। टीआई प्रवीण धुर्वे ने बताया कि योजनाबद्ध तरीके से पाटन-शहपुरा बाईपास ओव्हर ब्रिज के पास नाकेबंदी की गयी स्कूटी को रोका गया। चालक गोल्डी उर्फ कृष्णा धवलपुरी 19 वर्ष निवासी कैथरा शहपुरा एवं पीछे बैठे लल्ला उर्फ आर्यन चक्रवर्ती 19 वर्ष निवासी शहपुरा भिटौनी को दबोचा गया। तलाशी लेने पर गोल्डी अपनी जेब मे एक जिंदा कारतूस रखे एवं लल्ला उर्फ आर्यन एक देशी कट्टा खोंसे मिला, दोनो के कब्जे से देशी एक कट्टा, एक कारतूस एवं स्कूटी जप्त किया गया।

सड़क किनारे बना ओपन जिम बदहाल, ट्रैक पर कब्जा

जबलपुर, नवभारत। गोरखपुर में नागरिकों की फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए सड़क किनारे लगाए गए व्यायाम उपकरण, झूले और वॉकिंग ट्रैक अतिक्रमण की भेंट चढ़ते नजर आ रहे हैं। वही हाऊबाग से चौथा पुल मार्ग पर ट्रैक पर अवैध कब्जे, ठेले और अस्थायी निर्माण के कारण लोगों को सुबह-शाम टहलने और कसरत करने में परेशानी हो रही है। वही क्षेत्रीय जनों का आरोप है कि प्रशासन की अनदेखी से सार्वजनिक सुविधाएं धीरे-धीरे बदहाल होती जा रही हैं। शहर में अतिक्रमण हटाने के अभियान समय-समय पर चलाए जाते रहे हैं, लेकिन समस्या दोबारा सामने आ जाती है।

खराब होती जा रही हालत

लेकिन कई जगहों पर रखरखाव की कमी, टूट-फूट और अतिक्रमण के कारण इन सुविधाओं की हालत खराब होती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क किनारे लगाए गए झूलों के पुर्जे चोरी हो जाते हैं और ट्रैक पर कब्जों के कारण कसरत व टहलना मुश्किल हो गया है। ऐसे में लाखों रुपये खर्च कर बनाई गई सुविधाओं का उद्देश्य प्रभावित हो रहा है।

होम सांइस कॉलेज में अचानक यूनिफॉर्म परिवर्तन का फरमान

छात्राओं ने जताया विरोध

कलेक्टर, कॉलेज प्रबंधन को ज्ञापन सौंपा

प्रचलित यूनिफॉर्म बहाल करने की मांग

नवभारत, जबलपुर। होम साइंस महिला कॉलेज, जबलपुर में अचानक नई यूनिफॉर्म लागू किए जाने के निर्णय का छात्राओं एवं अभिभावकों द्वारा विरोध सोमवार को जमकर किया गया। इस मुद्दे को लेकर पेरेंट्स एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश के नेतृत्व में कॉलेज प्रबंधन समीर शुक्ला एवं जिला कलेक्टर, उच्च शिक्षा विभाग को ज्ञापन सौंपकर निर्णय पर पुनर्विचार करने और पूर्व से प्रचलित यूनिफॉर्म को बहाल रखने की मांग की गई है। इस संबंध में पैरेंट्स एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश के अध्यक्ष सचिन गुप्ता ने कहा कि जब वर्षों से चली आ रही यूनिफॉर्म सभी छात्राओं के पास उपलब्ध है, तब उसे बदलने की आवश्यकता स्पष्ट नहीं है। उनका कहना है कि इस निर्णय से अभिभावकों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ रहा है, जबकि इसका शिक्षा की गुणवत्ता से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि नई यूनिफॉर्म का हल्का रंग कई छात्राओं, विशेषकर मासिक धर्म के दौरान, व्यावहारिक असुविधा और मानसिक तनाव का कारण बन सकता है। पहले की गहरे रंग की यूनिफॉर्म इस दृष्टि से अधिक उपयुक्त मानी जाती थी। इसलिए छात्राओं की सुविधा, गरिमा और व्यावहारिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इस निर्णय पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। एसोसिएशन ने यह मांग भी की है कि यदि यूनिफॉर्म परिवर्तन के संबंध में किसी विशेष विक्रेता या आपूर्ति व्यवस्था से जुड़े संभावित व्यावसायिक हितों की आशंका हो, तो उसकी निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच कराई जाए। साथ ही, जांच पूरी होने तक छात्राओं को पूर्व यूनिफॉर्म में ही कॉलेज आने की अनुमति दी जाए और नई यूनिफॉर्म खरीदने के लिए बाध्य न किया जाए।

जलभराव | लोगों को आवागमन में हुई परेशानी

जरा सी बारिश में सड़कों पर जलभराव

नवभारत, जबलपुर। मानसून की शुरुआती बारिश ने ही शहर की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। मामूली बारिश के बाद ही शहर के कई इलाकों में सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। सोमवार दोपहर हुई बारिश से कलेक्ट्रेट चौराहा रसल चौक के मुख्य मार्गों के साथ-साथ कॉलोनियों की सड़कों पर भी पानी जमा होने से यातायात प्रभावित रहा। बारिश के दौरान नालियों का पानी सड़कों पर आ गया, जिससे कई स्थानों पर

दोपहिया वाहन चालकों को फिसलन और जाम की समस्या का सामना करना पड़ा। पैदल चलने वाले लोगों को भी पानी से होकर गुजरना पड़ा। कई जगह गड्ढे पानी में छिप जाने से दुर्घटना की आशंका बनी रही।

हर वर्ष किए जाते है दावे

हर वर्ष बारिश से पहले नालों और नालियों की सफाई के दावे किए जाते हैं, लेकिन पहली ही बारिश में जलभराव की स्थिति ने इन दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त की जाती तो सड़कों पर पानी जमा नहीं होता। नागरिकों का कहना है कि बरसात का मौसम अभी शुरू ही हुआ है और यदि यही स्थिति रही तो आने वाले दिनों में परेशानी और बढ़ सकती है। लोगों ने नगर निगम से जल निकासी व्यवस्था को सुधारने और जलभराव वाले क्षेत्रों में स्थायी समाधान करने की मांग की है, ताकि बारिश के दौरान आमजन को राहत मिल सके।

ताबड़तोड़ चाकुओं से वार, दो घायल, हालत गंभीर

नवभारत, जबलपुर। घमापुर थाना कांचघर चौक में बीती रात घात लगाकर बैठे बदमाशों ने एक एडवोकेट के छोटे भाई और उसके दोस्त पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में दोनों युवक लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायलों को थाने लेकर आए, जहां से उन्हें गंभीर हालत में विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि कांचघर चौक निवासी एडवोकेट अनूप शर्मा (37) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीती रात करीब 12:30 बजे पुराना रंजिश के चलते सम्राट चौधरी उर्फ डॉक्टर, तनिष्क जायसवाल, राज बेन उर्फ सरदार, निहाल बिरहा व इनके साथ 3 से 4 साथियों ने उनके छोटे भाई अविनाश शर्मा को घेर लिया है और चाकुओं से हमला कर दिया। अविनाश के साथ मौजूद उसका दोस्त निक्की खत्री ने बीच बचाव किया तो बदमाशों में उस पर भी हमलाकर दिया। दोनों खून से लथपथ हो गए परिजन रात करीब 3:30 बजे घमापुर थाने पहुंचे। पीड़ितों को विक्टोरिया अस्पताल पहुंचाया। एडवोकेट अनूप शर्मा की शिकायत पर घमापुर पुलिस ने आरोपी सम्राट चौधरी, तनिष्क, राज, निहाल और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।